पंजीयन एवं मान्यता पत्र संख्या एफ 18(12)नियुक्ति विभाग(ए) 56/21–01–57

# राजस्थान पटवार संघ

(राजस्थान के समस्त राजस्व, भू.प्रबन्ध सिंचाई व उपनिवेशन पटवारियों की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था)
तहसील स्तर पर उपशाखा, जिला स्तर पर जिला शाखा
केन्द्रीय कार्यालयः-राजस्थान पटवार संघ, जिला कलेक्ट्रेट, जयपुर–302003

**उपशाखाः–.................................................**

पत्रांक :–RPS/R/SDM/2026/02 दिनांक :– 18/08/2026

**–: ज्ञापन :–**

**श्रीमान निबंधक महोदय,**
**राजस्व मण्डल राजस्थान,**
**अजमेर।**

**मार्फत श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय,...................................**

**विषय :– राजस्थान पटवार संघ की समस्याओं एवं मांग पत्र पर कार्यवाही नहीं होने के विरोधस्वरूप आन्दोलन बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि ज्ञापन कि राजस्थान पटवार संघ अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर तथा डीसीएस गिरदारी ऐप में आवश्यक संशोधन, राजस्व विभाग द्वारा जारी दमनकारी परिपत्र को प्रत्याहरित करने हेतु बार–बार राजस्व मण्डल एवं राजस्व विभाग से निवेदन कर चुका है और हाल ही में राज्य सरकार द्वारा चलाएं गए ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर में अभूतपूर्व कार्य किया है, राजस्व मण्डल एवं राजस्व विभाग द्वारा 15 जुलाई,2026 के तुरंत बाद संगठन की मांगों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए बैठक का आयोजन करने का वादा किया किया था लेकिन इस दिशा में कोई कार्य नहीं होने से सम्पूर्ण पटवारी संवर्ग में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। राजस्व मण्डल, राजस्व विभाग एवं राज्य सरकार संगठन की मांगों एवं ज्ञापनों की लगातार अनदेखी करके संगठन को आन्दोलन करने पर मजबूर कर दिया है इसलिए संगठन द्वारा मजबूरन 1 अगस्त,2026 से लगातार आन्दोलन के माध्यम से विरोध दर्ज करवाया जा रहा है। संगठन का मांग पत्र निम्नानुसार हैंः–

1. डीसीएस गिरदावरी में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में संगठन द्वारा 29अप्रेल,2026 को हुई बैठक एवं समय–समय पर ज्ञापनों के माध्यम से दिए सुझाव पर विचार करते हुए एप्प में आवश्यक संशोधन करना, बकाया मानदेय का तुरंत भुगतान, गिरदावरी लॉक होते ही मानदेय भुगतान, सर्वेयर एवं पटवारी वर्ग की सुरक्षार्थ प्रशासन को दिशा निर्देश जारी करना आदि एवं राजस्व (ग्रुप–1) विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक :प.12(27)राज.–1/2024/10365 दिनांक 05.02.2026 को प्रत्याहरित किया जाए।
2. पटवारी पद को तकनीकी पद अधिसूचित करते हुए ग्रेड पे 3600/पे लेवल–10 दिया जाए।
3. पटवारी संवर्ग के पदोन्नति अवसर सुधार हेतु कैडर पुनर्गठन करना (प्रत्येक ग्राम पंचायत में पटवार मण्डल सृजन, नगरीय निकायों एवं अन्य विभागों में पटवारी, भू अभि. निरीक्षक, नायब एवं तहसीलदार के पदों का सृजन करना, ऑफिस कानूनगो एवं सहायक सदर कानूनगो को नायब तहसीलदार पद में क्रमोन्नत करना, पटवारी संवर्ग से तहसीलदार पद का 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटा निर्धारित करना, राज्य एवं केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन एवं मूलनिवास, जाति प्रमाण पत्र आदि जनहित कार्यों हेतु प्रति दो भू अभि. निरीक्षक वृत्त पर सर्किल ऑफिसर के रूप में नायब तहसीलदार का पद सृजित किया जाए आदि)।
4. पटवारी को मिलने वाले भत्तों जैसेः– बहुआयामी भत्ता, दोहरा कार्य भत्ता, विशेष भत्ता, स्टेशनरी भत्ता आदि लम्बें समय से नहीं बढ़ें हैं अतः सभी प्रकार के भत्तें में वृद्धि की जाएं, पटवारी संवर्ग हेतु ग्रामीण क्षेत्र भत्ता एवं ट्रेवलिंग अलाउंस शुरू किया जाएं एवं पटवारी संवर्ग को देय समस्त भत्ते सभी विभागों में कार्यरत पटवारियों को देय हो।
5. पटवारी संवर्ग की सभी बकाया पदोन्नतियां किए जाए एवं भविष्य में समयबद्ध पदोन्नति हेतु कैलेंडर जारी किया जाएं।
6. राज भू राजस्व (भू अभि.) नियम,1957 के स्थानान्तरण सम्बंधित नियम 9 (2) को पुनर्स्थापित करते एवं स्पष्ट स्थानान्तरण नीति के द्वारा स्थानान्तरण किए जाएं।

7. समस्त पटवार मुख्यालयों पर पटवार भवनों का निर्माण करते हुए सभी आवश्यक आधुनिक संसाधन लैपटॉप, प्रिंटर, इन्टरनेट, फर्नीचर, पूर्णकालिक सहायक ग्राम प्रतिहारी आदि उपलब्ध करवाया जाएं।

श्रीमानजी से निवेदन है कि संगठन द्वारा सहयोग, लगन, मेहनत एवं कर्त्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण एवं मांगों पर प्रभावी कार्यवाही करवाने हेतु ज्ञापनों आदि के माध्यम से हरसंभव तरीकें से अपनी बात पहुँचाने की कोशिश की गई है लेकिन घोर अनदेखी के कारण मजबूर संगठन को आन्दोलन की राह पर बढ़ना पड़ रहा है। राजस्व मण्डल, राजस्व विभाग एवं राज्य सरकार द्वारा हमारी लगातार अनदेखी करते हुए संवादहीनता की स्थिति बना रखी है जिसके कारण संगठन को आन्दोलन को गति देने के लिए मजबूर नए कार्यक्रम जारी करने पड़ रहे हैं जो निम्न प्रकार से रहेंगे:—

| क्र.सं. | दिनांक मय वार | कार्यक्रम | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | 18 अगस्त,2026 (मंगलवार) | सभी उपखण्ड अधिकारीयों को ज्ञापन, परिपत्र की होली दहन एवं मंगलवार से कार्यस्थल पर लगातार काली पट्टी बाँधकर कार्य करेंगे | उपखण्ड क्षेत्र में कार्यरत समस्त पटवार |
| 2. | 20 अगस्त,2026 (गुरुवार) | सभी उपखण्ड कार्यालयों का घेराव, धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन | उपखण्ड क्षेत्र में कार्यरत समस्त पटवार |
| 3. | 21 अगस्त,2026 (शुक्रवार) | सभी जिला कलक्टर कार्यालयों के सामने धरना प्रदर्शन, परिपत्र की होली दहन एवं ज्ञापन | जिलें में कार्यरत समस्त पटवार |

इसके बाद भी राजस्व मण्डल, राजस्व विभाग और राज्य सरकार द्वारा संगठन की मांगों एवं समस्याओं पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाते हुए लगातार अनदेखी की जाती है तो संगठन द्वारा मजबूरन 24 अगस्त,2026 सोमवार के बाद राजस्व मण्डल का घेराव एवं विधानसभा कूच का कार्यक्रम तय किया जाएगा।

: श्रीमान जी से निवेदन है कि हमारे उक्त मांग—पत्र शीघ्र प्रभावी कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद!

प्रतिलिपि:—

1. श्रीमान अध्यक्ष महोदय, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर।
2. श्रीमान राजस्व मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
3. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय, राजस्व विभाग, जयपुर।
4. श्रीमान संवाददाता प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया, समस्त।

**भवनिष्ठ**

**(.......................................)**
**उपशाखा अध्यक्ष**
**उपशाखा.........................**
**जिला...............................**
**राजस्थान पटवार संघ**
**मो.नं.—..............................**